भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण
INSURANCE REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY OF INDIA

**Title:**सार्वजनिक सूचना

**Reference No.:**IRDAI/NL **Date:**03/05/2019

मेसर्स मेरीन्स टेक्नालजी द्वारा साधारण बीमा व्यवसाय से संबंधित अपेक्षा (सलिसिटिंग) / संबद्ध कार्यकलाप

आईआरडीएआई की जानकारी में यह बात लाई गई है कि "मेरीन्स् टेक्नालजी" नाम की एक संस्था (marinestechnology.irdai@gmail.com के रूप में ई-मेल आईडी के साथ) साधारण बीमा उत्पाद प्रस्तावित कर रही है / साधारण बीमा संबंधी कार्यकलापों में संबद्ध है, यद्यपि इस संस्था को किसी भी प्रकार की बीमा पालिसियाँ बेचने के लिए प्राधिकरण द्वारा लाइसेंस अथवा पंजीकरण प्रदान नहीं किया गया है।
उपर्युक्त संस्था स्वयं को आईआरड़ीएआई द्वारा प्राधिकृत रूप में / आईआरडीएआई के लिए कार्यरत रूप में भी प्रस्तुत कर रही है जोकि सही नहीं है।
जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि वे मेसर्स "मेरीन टेक्नालजी" के साथ बीमा व्यवसाय से संबंधित कोई भी लेनदेन न करें तथा ऐसे किसी अनधिकृत लेनदेन को प्राधिकरण की जानकारी में लाएँ।

यज्ञप्रिया भरत

मुख्य महाप्रबंधक (गैर-जीवन)